राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी

दो अक्षर वाला नाम आये बड़ा काम जी,
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी......

सीता माँ ने दिया मोतियों का माला,
माला तोड़ दिया वीर हनुमाना,
नाम नहीं राम का तो आये किस काम जी,
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी.....

चीयर दिया सीना भरी महफ़िल में,
सीताराम को दिखा दिए दिल में,
चमक चमक चमक रही झांकी सियाराम की,
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी.....

चौंक गयी प्रजा देख के नज़ारे,
तुम हो राम के और राम हैं तुम्हारे,
सीने से लगाए उसी वक़्त श्री राम जी,
राम राम जपो चले आएंगे हनुमान जी......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29619/title/ram-ram-japo-chale-aayege-hanuman-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |